JYOTI

स्मार्टकेम टेक्नॉलॉजीज् लिमिटेड

गन्ने के पोषण में सल्फर का महत्व

गन्ना (सैकेरम आफिसिनेरम एल.) दुनिया भर में व्यापक रूप से उगाई जाने वाली एक महत्वपूर्ण नकदी फसल है। गन्ने की कम उपज मुख्य रूप से असंतुलित और अपूर्ण फसल पोषण के कारण होती है। देखा जाए तो गन्ने के पोषण में सल्फर की भूमिका से गन्ना उत्पादक आमतौर पर अनजान हैं। इसके अलावा, अधिकांश भारतीय मृदाओं में सल्फर की कमी बढ़ रही है। गन्ना एक सल्फर–चाहने वाली फसल है, क्योंकि सल्फर इसकी पैदावार और गुणवत्ता की क्षमता को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व के रूप में अपनी भूमिका के अलावा, सल्फर एक प्रभावी कवकनाशी (फंफूदनाशी) और एक अम्लीकारक भी है, जो रोग अवरोधन व मृदा के पीएच को कम करने में मदद करता है।

निम्नलिखित प्रश्नोत्तर इस विषय पर कुछ और जानकारी प्रदान करेंगे :

सल्फर के प्रमुख कार्य क्या हैं?

एक आवश्यक पोषक तत्व के रूप में, सल्फर के पौधों में कुछ प्रमुख कार्य हैं, जो नीचे दिए गए हैं :

क) प्रकाश संश्लेषण में मदद करने वाले क्लोरोफिल का निर्माण, जिसके माध्यम से पौधे स्टार्च, शर्करा, तेल, वसा, विटामिन और अन्य यौगिकों का उत्पादन करते हैं।

ख) प्रोटीन संश्लेषण: सल्फर तीन सल्फर युक्त अमीनो एसिड (सिस्टीन, सिस्टिन और मेथिओनिन) का एक घटक है, जो प्रोटीन के निर्माण इकाई हैं। इन अमीनो एसिड में लगभग ९०% पौध–सल्फर मौजूद होता है।

ग) एंजाइमों का सक्रिय करना, जो पौधे की जैव रासायनिक प्रतिक्रियाओं में सहायता करते हैं।

घ) यह पौधे में विशेष चयापचयों और प्रोटोप्लाज्म की संरचनात्मक विशेषताओं से जुड़ा हुआ है।

च) फसल की पैदावार बढ़ाता है और उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार करता है, किसान को उसकी उपज के लिए मिलने वाले बाजार मूल्य भी ये दोनों ही तय करते हैं।

महाधन उत्पाद समूह में से कौन–सा उत्पाद गन्ने की सल्फर आवश्यकता को पूरा करने योग्य है?

महाधन बेनसल्फ सुपर–फास्ट हमारी उत्पाद समूह में एक उत्कृष्ट उत्पाद है, जो गन्ने की सल्फर आवश्यकता को पूरा करता है। यह उत्पाद इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए एक सुपर–फास्ट रिलीज़ टेक्नोलॉजी (ड्रूछ्ढ) का दावा करता है। इसका वैज्ञानिक रूप से परीक्षण किया गया है और इसमें ९०% सल्फर होता है।

गन्ने में महाधन बेनसल्फ सुपर–फास्ट का उपयोग करने के लिए क्या सिफारिश की गई है?

महाधन बेनसल्फ सुपर–फास्ट का उपयोग, रोपाई के समय (खेत में) १० किलोग्राम और बोने के १२० दिन बाद (मिट्टी चाते समय) १० किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से किया जाना चाहिए।

गन्ने में महाधन बेनसल्फ सुपर–फास्ट के प्रयोग के क्या लाभ हैं?

गन्ने में महाधन बेनसल्फ सुपर–फास्ट के प्रयोग के निम्न लाभ हैं :

१) फसल वृद्धि अवस्था के ७५ वें दिन तक सल्फर की निरंतर आपूर्ति होती रहती है।

२) रस में चीनी की मात्रा और गन्ने के वजन को बढ़ाकर उपज और गुणवत्ता मानकों को बेहतर करता है।

३) चीनी (शक्कर) रिकवरी में ०.२% की वृद्धि करता है।

४) इसके अलावा, यह संशोधन का सबसे कुशल स्रोत है, जो कैल्शियम कार्बोनेट और पीएच के बढ़े हुए स्तर को कम करता है।